राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–296/2023

राज्यपाल ने छठ पर्व की शुभकामनाएँ दी

पटना, 17 नवम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सूर्योपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि छठ पूजा के अवसर पर लोग कठिन व्रत रखते हैं तथा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। पूरी श्रद्धा, भक्ति और निष्ठा के साथ पवित्रतापूर्वक मनाया जानेवाला यह पर्व हमें आत्म शुद्धि, मन की निर्मलता और शारीरिक, मानसिक व लोक व्यवहार में अनुशासन बनाये रखने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान सूर्य देव से बिहारवासियों के जीवन में नई और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने तथा उनके सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की है।

....